

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे किशोर कुमार

बॉलीवुड में किशोर कुमार को ऐसी शख्सियत के तौर पर याद किया जाता हैं, जिन्होंने ने सिर्फ अपनी आवाज के जादू से बल्कि फिल्म निर्माण और निर्देशन से भी सिने प्रेमियो का भरपूर मनोरंजन किया.

मध्यप्रदेश के खंडवा में 04 अगस्त 1929 को मध्यवर्गीय बंगाली परिवार में अधिवक्ता कुंजी लाल गांगुली के घर जब सबसे छोटे बालक ने जन्म लिया तो कौन जानता था कि आगे चलकर यह बालक अपने देश और परिवार का नाम रौशन करेगा. भाई बहनों में सबसे छोटे नटखट आभास कुमार गांगुली उर्फ किशोर कुमार का रूझान बचपन से ही पिता के पेशे वकालत की तरफ न होकर संगीत की ओर था.

महान अभिनेता एवं गायक के.एल.सहगल के गानों से प्रभावित किशोर कुमार उनकी ही तरह गायक बनना चाहते थे. सहगल से मिलने की चाह लिये किशोर कुमार 18 वर्ष की उम्र मे मुंबई पहुंचे लेकिन उनकी इच्छा पूरी नहीं हो पायी. उस समय तक उनके बड़े भाई अशोक कुमार बतौर अभिनेता अपनी पहचान बना चुके थे. अशोक कुमार चाहते थे कि किशोर नायक के रूप मे अपनी पहचान बनाये लेकिन खुद किशोर कुमार को अदाकारी की बजाय पार्श्व गायक बनने की चाह थी. उन्होंने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा हालांकि कभी किसी से नहीं ली थी. बालीवुड में अशोक कुमार की पहचान के कारण उन्हें बतौर अभिनेता काम मिल रहा था.

अपनी इछा के विपरीत किशोर कुमार ने अभिनय करना जारी रखा. जिन फिल्मों में वह बतौर कलाकार काम किया करते थे उन्हें उस फिल्म में गाने का भी मौका मिल जाया करता था. किशोर कुमार की आवाज सहगल से काफी हद तक मेल खाती थी. बतौर गायक सबसे पहले उन्हें वर्ष 1948 में बाम्बे टाकीज की फिल्म जिद्दी में सहगल के अंदाज मे हीं अभिनेता देवानंद के लिये ..मरने की दुआएं क्यूं मांगू ..गाने का मौका मिला.

# डीडी नेशनल पर शुरू हुई भारत की आत्मा को छूने वाली नई कार्यक्रम श्रृंखलाएं

## तीन अनूठे शो में प्रेम, संघर्ष और ग्रामीण कहानियों की सजीव प्रस्तुति

डी नेशनल ने सोमवार, से अपने दर्शकों के लिए नई और भावनात्मक रूप से प्रभावशाली कार्यक्रम श्रृंखला शुरू की है. ये शो भारत की सांस्कृतिक विविधता, जज़्बे और सपनों को उजागर करते हुए देश की जमीनी हकीकत को सामने ला रहे हैं. नई श्रृंखला में तीन अनूठे कार्यक्रम शामिल हैं, जो दर्शकों को प्रेरणादायक और भावनात्मक कहानियों से जोड़ रहे हैं.

### पहला शो, देवांचल की प्रेम कथा





हिमाचल प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित एक मनमोहक प्रेम कहानी है. यह शो पारंपरिक मूल्यों और गहरे मानवीय रिश्तों को दर्शाता है, साथ ही देवभूमि की आध्यात्मिकता और प्राकृतिक सुंदरता को बखूबी पेश करता है. यह हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:00 बजे प्रसारित होगा.

### हिमाचल से ओलंपिक तक का सफर




हिमाचल के सुदूर क्षेत्रों से निकलकर ओलंपिक जैसे वैश्विक मंच तक पहुंचने वाले खिलाड़ियों की सच्ची कहानियों पर आधारित है. यह शो उनकी मेहनत, संघर्ष और विजय की प्रेरक यात्रा को दर्शकों तक पहुंचाएगा. यह कार्यक्रम हर सोमवार से शुक्रवार शाम 7:30 बजे प्रसारित होगा.

### गाँव से नीलेश मिश्रा के साथ




ग्रामीण भारत की अनसुनी और प्रभावशाली कहानियों को सामने ला रहा है. मशहूर लेखक और किस्सागो नीलेश मिश्रा इस शो के जरिए देश के गांवों की सच्ची कहानियों को दर्शकों से जोड़ रहे हैं. यह शो हर दिन शाम 6:00 बजे प्रसारित होगा.

दूरदर्शन के महानिदेशक के. सतीश नामबूदिरिपाड ने कहा, ये शो केवल मनोरंजन नहीं हैं, बल्कि भारत की आत्मा की झलक पेश करते हैं. डीडी नेशनल गर्व के साथ देश की सच्ची और प्रेरक आवाज को हर घर तक पहुंचा रहा है.ये नई श्रृंखलाएं डीडी नेशनल के प्रयास का हिस्सा हैं, जो भारतीय संस्कृति, भावनाओं और वास्तविकता को दर्शाने वाली कहानियों को हर भारतीय तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

# पति पत्नी और पंगा दिखाएगा मस्ती भरे पंगे




कलर्स लेकर आ रहा है सिर्फ रियलिटी शो नहीं बल्कि रियल-लेशनशिप शो! अपनी 17वीं सालगिरह के तुरंत बाद, नॉन-फिक्शन टेलीविजन के इस असली गेमचेंजर ने फिर से कमाल कर दिखाया है. 'लाफ्टर शेफ्स' का आखिरी एपिसोड खत्म हुआ ही था कि अब चैनल लेकर आया है 'डिनर-टेनमेंट' का अगला जबरदस्त डोज -अपना पहला रियल-लेशनशिप शो 'पति पत्नी और पंगा-जोड़ियों का रियलिटी चेक'.

शादी जैसी सबसे पवित्र संस्था में घुसपैठ करते हुए यह शो इंडियन फैमिलीज को लेकर जाएगा कपल गोल्स से आगे, और दिखाएगा रियल-लाइफ सेलेब्रिटी मैरिज के मस्ती भरे पंगे. सात चर्चित जोड़ियां मज़ेदार टास्क में हिस्सा लेंगी और अपने रिश्तों के उतार-चढ़ाव को बेबाक़ी से सामने लाएंगी.

प्यार की भाषा, छोटे-छोटे झगड़े, अजीबो-गरीब निकनेम और रोज़मर्रा की नोकझोंक -सब इस शो में खुलेआम दिखेगा.निविया बॉडी मिल्क प्रस्तुत करता है पति पत्नी और पंगा -जोड़ियों का रियलिटी चेक.

बॉलीवुड की चहेती क्वीन सोनाली बेंद्रे बनेंगी शो की होस्ट और उनके साथ को-होस्ट होंगे स्टैंड-अप सेंसेशन मुनव्वर फारुकी, जो अपने खास स्टाइल से शो में पंगा लेकर आएंगे. शो में शामिल हो रही चर्चित जोड़ियों में देबिना बनर्जी-गुरमीत चौधरी, हिना खान-रॉकी जायसवाल, रुबीना दिलैक-अभिनव शुक्ला, अविका गौर-मिलिंद चंदवानी, स्वरा भास्कर-फहद अहमद, गीता फोगाट-पवन कुमार और सुदेश लहरी-ममता लहरी शामिल हैं.



# भोजपुरी लोकगीत घरवा में होई महाभारत बलम रिलीज

**अपनी** दिलकश अदा और मन मोहिनी मुस्कान से अदाकारा काजल त्रिपाठी भोजपुरी मनोरंजन की दुनियां में खूब तहलका मचा रही हैं. यही वजह है कि उन्हें चाहने वाले फैंस की तादाद करोड़ों में हैं. वहीं सिंगर सरस्वती सरगम अपनी सुरीली आवाज से संगीतप्रेमियों के मनोरंजन मन मोह लेती हैं. ऐसे में एक्ट्रेस काजल त्रिपाठी और सिंगर सरस्वती सरगम की जोड़ी मजेदार भोजपुरी लोकगीत घरवा में होई महाभारत बलम लेकर आई हैं. इस गाने का ऑडियो सिंगर सरस्वती सरगम ने बड़े ही मिजाज में गाया है, जो सुनने में काफी मधुर और कर्णप्रिय लग रहा है. वहीं इसके वीडियो में अदाकारा काजल त्रिपाठी इंडियन लुक में खूब गर्दा उड़ा रही है. वह एक्टर नील स्टार के साथ अपने हुस्न की बिजली गिरा रही है. इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि काजल त्रिपाठी का हसबैंड नील स्टार घर का सारा खर्च चलाता है, जबकि उसका देवर अपनी कमाई अपने पत्नी को देता है, जो बैंक में जमा करती है. इस लोकगीत को लेकर एक्ट्रेस काजल त्रिपाठी ने कहा कि भोजपुरी की टॉप म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स हर विधा के भोजपुरी गीत-संगीत बनाती है, जोकि बहुत बड़ी बात है. मेरा गुडलक है कि मुझे अछे-अछे गानों में काम करने का मौका मिलता है.वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत लोकगीत घरवा में होई महाभारत बलम के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं. इस गीत को सिंगर सरस्वती सरगम ने गाया है. इसके वीडियो में एक्ट्रेस काजल त्रिपाठी ने अपने हुश्न का जलवा बिखेरकर गरदा उड़ा दिया है.

# नेहा धूपिया ने 'फ्रीडम टू फीड' अभियान को फिर से किया शुरू



बॉलीवुड अभिनेत्री-निर्माता और मातृत्व अधिकारों की समर्थक नेहा धूपिया ने अपने सराहे गए अभियान 'फ्रीडम टू फीड' को वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक 2025 के लिए फिर से शुरू किया है.

वर्ष 2019 में शुरू हुआ यह अभियान, नेहा के अपने मातृत्व के अनुभवों और इस चाह से शुरू हुआ था कि सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान को बिना शर्म या जजमेंट के सहजता से अपनाया जा सके. यह प्लेटफ़ॉर्म अब तक एक ऐसा मंच बन चुका है जहां माताएं और देखभाल करने वाले अपने अनुभव साझा करते हैं और खुलकर बात करते हैं.

इस साल नेहा कुछ मशहूर अभिनेत्रियों राधिका आप्टे, युविका चौधरी और सोनाली सहगल के साथ डिजिटल बातचीत करेंगी. इन बातचीतों में वे शरीर पर नियंत्रण, समाज की अपेक्षाएं और मातृत्व से जुड़ी भावनात्मक बातों पर गहराई से चर्चा करेंगी. ये बातचीतें उनके सोशल मीडिया चैनलों पर पूरे हफ्ते साझा की जाएंगी.अब तक इस अभियान को बिपाशा बसु, फ्रीडा पिंटो, सोहा अली खान और दिया मिर्ज़ा जैसे कई जाने-माने सितारों का समर्थन मिला है, जिन्होंने ब्रेस्टफीडिंग और महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर खुलकर आवाज़ उठाई है.

अभियान को फिर से शुरू करने पर नेहा धूपिया ने कहा, जब मैंने पहली बार 'फ्रीडम टू फीड' शुरू किया था, तो यह मेरे निजी अनुभव से जुड़ा हुआ था. एक ऐसा समय जब मैं खुद को असहज, जज की गई और अकेली महसूस कर रही थी, जबकि वो मेरी ज़िंदगी का सबसे नैसर्गिक और सशक्त पल होना चाहिए था. इन वर्षों में मैंने महसूस किया है कि बहुत सी महिलाएं भी यही महसूस करती हैं.

# टी-सीरीज़ और भूषण कुमार प्रस्तुत गाना बिछड़ना रिलीज




टी-सीरीज़ और भूषण कुमार प्रस्तुत गाना बिछड़ना रिलीज हो गया है. आदिल ज़फ़र ख़ान और रीम शेख़ अभिनीत गाना बिछड़ना रिलीज हो गया है.सैयारा फ़ेम फ़हीम अब्दुल्ला, जिन्हें हाल ही में भूषण कुमार और टी-सीरीज़ ने साइन किया है, बिछड़ना गाना लेकर अये हैं. यह ऐसा गाना है,जो प्यार की नमी और टूटने की तीव्रता को पूरी ईमानदारी से सामने रखता है. ट्रू मेकर्स द्वारा निर्देशित, इसका म्यूज़िक वीडियो दो जन्मों की प्रेम कहानी दिखाता है.आदिल ज़फ़र ख़ान और रीम शेख़ की जोड़ी टूटते हुए रिश्ते की टीस को शानदार तरीके से बयां करती है.

फ़हीम अब्दुल्ला ने कहा, 'बिछड़ना' एक बेहद अस्थिर और भावनात्मक दौर से निकली धुन है. यह एक ही जाम में बन गई, और मुझे तब ही समझ आ गया कि यह गाना अब रोका नहीं जा सकता. भूषण सर और टी-सीरीज़ का शुक्रगुज़ार हूँ कि उन्होंने इसे पूरी आज़ादी दी. बिछड़ना अब टी-सीरीज़ यूट्यूब चैनल और सभी म्यूज़िक प्लेटफॉर्म्स पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है.

# साहस और जिंदगी को नई दिशा देगी गंगा माई की बेटियां



**साहस** और जिंदगी को नई दिशा देने की गाथा दिखाई जाएगी. मशहूर कन्नड़ शो 'पुट्टकाना मक्कलु' से प्रेरित यह शो गंगा माई का प्रेरक सफर दिखाता है, एक ऐसी महिला जिसे बेटा न होने पर पति छोड़ देता है. समाज की सोच के आगे झुकने से इनकार करते हुए गंगा माई अपनी तीनों बेटियों को अटूट हिम्मत, ममता और सम्मान के साथ पालती है और मां और पिता दोनों की भूमिका निभाती है वरिष्ठ अभिनेत्री शुभांगी लाटकर को इरादों की पक्की गंगा माई के रूप में और अमनदीप सिद्धू को स्नेहा के अहम किरदार में पेश करने के बाद, 'गंगा माई की बेटियां' अब अपनी कहानी में दो और दमदार महिला किरदार जोड़ रहा है. लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री सृष्टि जैन इस शो में सहाना के रोल में नज़र आएंगी, जो गंगा माई की सबसे बड़ी बेटी है.

## ऑटोमोबाइल

# कार की इन दिक्कतों को खुद ही कर सकते हैं ठीक

अगर आप अक्सर कार से सफर करते हैं तो आपको कुछ गाड़ी के बारे में कुछ चीजों की जानकारी होनी चाहिए. ऐसा होने से कई बार मुश्किल स्थिति में काम आसान हो जाता है. जी हां, यहां पर ध्यान देने वाली बात है कि आपको कार के कुछ पार्ट्स के बारे में अच्छी डिटेल होनी चाहिए. ऐसा होने से समय के साथ-साथ कई बार पैसों की भी बचत हो जाती है.

**बैटरी में दिक्कत**- कार की बैटरी भी गाड़ी चलने के लिए काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है. आग जानते ही होंगे कि अगर कार की बैटरी डिस्चार्ज हो जाए तो इससे गाड़ी के सभी इलेक्ट्रिक पार्ट्स काम नहीं करते हैं. कार की बैटरी में वैसे तो कभी भी परेशानी हो सकती है. हालांकि, बारिश और सर्दियों के दौरान बैटरी में अक्सर दिक्कत देखने को मिलती है. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि कार में बैटरी किस जगह पर है और बैटरी कैसे चेक करनी है.

**ओवरहीटिंग**- कार में ओवरहीटिंग होना कोई बड़ी समस्या नहीं है. मगर यह बड़ी तब बन जाती है, जब कार चलाने वालों को इस बारे में सही जानकारी नहीं होती है. अक्सर गर्मियों के मौसम में कार में ओवरहीटिंग की परेशानी आती है. इस स्थिति में अगर आप किसी मैकेनिक की मदद लेंगे तो इसमें समय के साथ खर्चा भी होगा.

**ब्रेकिंग सिस्टम**- कार का ब्रेकिंग सिस्टम वाहन और यात्री दोनों की सुरक्षा के लिए काफी जरूरी है. अक्सर बारिश और सर्दी के मौसम में कार के ब्रेकिंग सिस्टम में छोटी-मोटी परेशानी देखने को मिलती है.

# कम बजट वाले ग्राहकों के लिए होंडा की नई बाइक लॉन्च

एचएमएसआई की दमदार टू-व्हीलर रेंज में हाल ही में शामिल हुए ये नए मॉडल भारतीय ग्राहकों के राइडिंग अनुभव को एक नया रूप देने के लिए तैयार हैं. होंडा CB125 हॉर्नेट को खासतौर पर युवा और शहरी राइडर्स की पसंद को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है. इसका एग्रेसिव स्ट्रीट-स्टाइल लुक, मस्कुलर फ्यूल टैंक और शार्प श्राउड्स इसके डिजाइन को बोल्ड बनाते हैं. स्टाइलिश मफलर और चार आकर्षक कलर ऑप्शन्स ः पर्ल सायरन ब्लू विथ लेमन आइस यलो, पर्ल इग्नियस ब्लैक, पर्ल सायरन ब्लू विथ एथलेटिक ब्लू मेटैलिक, और पर्ल सायरन ब्लू विथ स्पोर्ट्स रेड - इसकी रोड प्रेजेंस को और भी प्रभावशाली बनाते हैं.

मोटरसाइकिल की प्रीमियम अपील को इसके सेगमेंट में पहली बार दिए गए गोल्डन यूएसडी फ्रंट फोर्क्स और 5-स्टेप एडजस्टेबल मोनो-शॉक अब्जॉर्बर और बेहतर हैंडलिंग के साथ और भी बढ़ा दिया गया है. एडवांस फीचर्स से लैस CB125 हॉर्नेट में ऑल-एलईडी लाइटिंग सिस्टम दिया गया है, जिसमें सिग्नेचर ट्विन-एलईडी हेडलैंप, डीआरएल्स और हाई-माउंटेड टर्न इंडिकेटर्स शामिल हैं. इसमें 4.2-इंच की टीएफटी डिस्प्ले भी मिलती है, जो ब्लूटूथ-इनेबल्ड Honda RoadSync कनेक्टिविटी के साथ आती है, जिससे नेविगेशन, कॉल्स और एसएमएस अलर्ट्स का आसानी से उपयोग किया जा सकता है.

मोटरसाइकिल की अतिरिक्त विशेषताएँ जैसे कि एक यूनिवर्सल SB टाइप-C चार्जिंग पोर्ट, साइड-स्टैंड इंडिकेटर जिसमें इंजन इनहिबिटर शामिल है, और सामने की तरफ लगा हुआ 240 मिमी



पेटल डिस्क जो सिंगल-चैनल ABS के साथ आता है — ये सभी सुविधाएँ सुविधा और सुरक्षा दोनों को बढ़ाते हैं. नई CB125 हॉर्नेट को 123.94CC, सिंगल-सिलेंडर, फ्यूल-इंजेक्टेड, और OBDwB कंप्लायंट इंजन से पावर मिलती है, जो 7500 RPM पर 8.2 kW की पावर और 6000 RPM पर 11.2 Nm का पीक टॉर्क पैदा करता है.



# बीएसए स्क्रैम्बलर 650 का हुआ खुलासा


बीते साल बर्मिंघम मोटरसाइकल शो में बीएसए स्क्रैम्बलर 650 का कॉन्सेप्ट मॉडल देखा गया था, जिसके बाद अब इसका प्रोडक्शन वर्जन यूके में पेश कर दिया गया है. देश में इस बाइक के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं और उम्मीद है कि यह बाइक जल्द ही भारतीय दो-पहिया बाज़ार में लॉन्च कर दिया जाएगा.

ग़ौरतलब है कि, स्क्रैम्बलर 650, गोल्ड स्टार 650 पर आधारित है, जो भारत में कुछ समय से बिक्री के लिए भी उपलब्ध है. गोल्ड स्टार 650 में अपने नाम के अनुरूप कुछ स्टाइलिंग और मकैनिकल बदलाव किए गए हैं. सबसे पहले, इसमें बड़े 19-इंच के स्पोक वील्स मौजूद हैं. इन वील्स पर पिरेली स्कॉर्पियन रैली एसटीआर के टॉयर्स लगे हुए हैं, जिसमें एक सब-फ्रेम दिया गया है.

**बेंच-स्टाइल सीट**- स्क्रैम्बलर में बेंच-स्टाइल सीट के साथ एक स्लीक टेल है. इसके अलावा, एक अलग एग्जॉस्ट कैनिस्टर है, जो शायद ज़्यादा तेज़ आवाज़ के लिए होगा. सीट के नीचे एक रेट्रो-स्टाइल गोल प्लेट है जिस पर 65 नंबर लिखा हुआ है.

**ट्यूब जैसी कवरिंग** - दूसरे बदलावों में ट्यूब जैसी कवरिंग की जगह फ्रंट फ़ोर्क्स गैटर, हैंडलबार के लिए ब्रेस, हाई-सेट फ्रंट फ़ेंडर और ऑफसेट सिंगल-पॉड इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर शामिल है. ब्रैंड ने अपनी गोल्ड स्टार बाइक की तुलना में, इसे अलग बनाने के लिए, स्क्रैम्बलर 650 में नए रंग और ग्राफ़िक्स दिए हैं.

**इंजन** - हालांकि, आधिकारिक तौर पर स्क्रैम्बलर 650 में पहले वाला इंजन दिया गया है, लेकिन बेहतर लो-एंड टॉर्क के लिए कंपनी ने स्क्रैम्बलर के फ़ाइनल ड्राइव में बदलाव किया होगा. यह 652cc वाला सिंगल-सिलेंडर, एयर-कूल्ड इंजन 45.6bhp का पावर और 55Nm का टॉर्क जनरेट करता है.



# वोल्वो एक्ससी60 फेसलिफ्ट भारत में लॉन्च

**वॉल्वो** ऑटो इंडिया ने अपनी लग्जरी एसयूवी एक्ससी60 फेसलिफ्ट को भारत में लॉन्च कर दिया है. जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत करीब 72 लाख रुपये से कुछ कम रखी गई है, जो कि इंट्रोडक्टरी है. इस एसयूवी का अपडेटेड वर्जन कुछ समय पहले ग्लोबल मार्केट में पेश किया गया था. और अब यह भारतीय सड़कों पर आने को तैयार है. यह एक्ससी60 का दूसरा बड़ा फेसलिफ्ट है, जिसे तेजी से बदलते लग्जरी एसयूवी सेगमेंट में मुकाबले के लिए तैयार किया गया है.

**भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाली वोल्वो कार**- दुनियाभर में 27 लाख से ज्यादा यूनिट्स की बिक्री के साथ एक्ससी60 , वोल्वो की सबसे लोकप्रिय कारों में शुमार है. भारत में भी यह कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार है. नई एक्ससी60 को बंगलूरू के प्लांट में असेंबल किया जा रहा है और वोल्वो की सभी कारें अब कंप्लीट नॉकडाउन (सीकेडी) फॉर्मेट में आ रही हैं.

**लुक और डिजाइन**



नई एक्ससी60 फेसलिफ्ट में हल्के लेकिन प्रभावी बदलाव किए गए हैं. इसमें दो नए रंगों को शामिल किया गया है - मलबेरी रेड और फॉरेस्ट लेक. एसयूवी का फ्रंट अब और शार्प दिखता है, जिसमें नई ग्रिल और अपडेटेड फ्रंट बंपर लगाया गया है. इसके अलावा नए एयर इनटेक्स, रिडिजाइ किए गए अलॉय व्हील्स, और बिना क्रोम के नए टेललाइट्स इसे और प्रीमियम और मॉडर्न लुक देते हैं.

**इंटिरियर और केबिन**

एक्ससी60 का इंटीरियर अब पहले से कहीं ज्यादा हाई-टेक और लग्जरी बन गया है. इसमें अब 11.2-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है, जो क्वालकॉम के नए स्नैपड्रैगन कॉकपिट प्लेटफॉर्म पर चलता है. यह तेज रिस्पॉन्स, शार्प डिस्प्ले और ओटीए (ओवर-द-एयर) अपडेट्स को सपोर्ट करता है.

इसके अलावा 12.3 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, वॉइस असिस्टेंट, इनबिल्ट गूगल मैप्स और प्ले स्टोर का सपोर्ट भी शामिल है. इंटीरियर को और प्रीमियम बनाने के लिए नप्पा लेदर सीट्स, कॉन्ट्रास्ट स्टिचिंग, रियल वुड फिनिशिंग और क्रिस्टल गियर सिलेक्टर दिया गया है.